# Question Bank

# HINDI

Std IX

## अध्ययन-लक्ष्य

उपन्यास के पात्र की चरित्रगत विशेषताओं की व्याख्या कर
चरित्र-चित्रण करने की क्षमता प्राप्त करना।

1

तालिकाबद्ध करें।

निम्नलिखित चरित्रगत विशेषताओं को तालिका में लिखें।

- सदा उदासीनता का भाव रखना
- समयनिष्ठा
- घंटों तक असनान-पूजा में लगना
- लगान न देने पर बेदखली करना
- खुशामदी करना
- ज़मींदारी पर विद्रोह प्रकट करना

| धनिया | मालिक | होरी |
|---|---|---|
| | | |

समय : पाँच मिनट

स्कोर : 3

मूल्यांकन सूचक :

- धनिया - सदा उदासीनता का भाव रखना, ज़मींदारी पर विद्रोह प्रकट करना 1
- मालिक - घंटों तक असनान-पूजा में लगना, लगान न देने पर बेदखली करना 1
- समयनिष्ठा, खुशामदी करना 1

## अध्ययन-लक्ष्य

उपन्यास की भाषा, शैली आदि से अवगत कराना।

उपन्यास के पात्र की चरित्रगत विशेषताओं की व्याख्या कर चरित्र-चित्रण करने की क्षमता प्राप्त करना।

## 2

जीवनवृत्त तैयार करें।

पठित उपन्यास-अंश के आधार पर धनिया के जीवनवृत्त की पूर्ति करें।

| | | |
|---|---|---|
| नाम | : | .................... स्त्री/पुरुष |
| उम्र | : | .................................. |
| पति का नाम | : | .................................. |
| संतानें | : | .................................. |
| पेशा | : | .................................. |

---

| | | | |
|---|---|---|---|
| समय | : | पाँच मिनट | |
| स्कोर | : | 3 | |
| मूल्यांकन सूचक | : | • नाम - धनिया | ½ |
| | | • स्त्री | ½ |
| | | • उम्र - छत्तीस | ½ |
| | | • पति का नाम - होरीराम | ½ |
| | | • संतानें - तीन | ½ |
| | | • पेशा - गृहस्थी | ½ |

---

## अध्ययन-लक्ष्य

उपन्यास के पात्र की चरित्रगत विशेषताओं की व्याख्या कर चरित्र-चित्रण करने की क्षमता प्राप्त करना।

3

विश्लेषण करें।

जीवन के प्रति उदासीनता और परिस्थिति के प्रति विद्रोह धनिया के चरित्र की विशेषताएँ हैं। आप इसके क्या-क्या कारण मानते हैं?

---

समय : तीन मिनट

स्कोर : 2

मूल्यांकन सूचक :
- अपना मत लिखा है। 1
- मत का समर्थन किया है। 1

---

## अध्ययन-लक्ष्य

उपन्यास के पात्र की चरित्रगत विशेषताओं की व्याख्या कर चरित्र-चित्रण करने की क्षमता प्राप्त करना।

4

पुनर्लेखन करें।

निम्नलिखित गद्यांश को आत्मकथा की शैली में बदलकर लिखें।

> धनिया इतनी व्यवहार-कुशन न थी। उसका विचार था कि हम ने ज़मींदार के खेत जोते हैं, तो वह अपना लगान ही तो लेगा। यद्यपि अपने विवाहित जीवन के इन बीस बरसों में उसे अच्छी तरह अनुभव हो गया था कि कितना ही पेट-तन काटो, मगर लगान बेबाक होना मुश्किल है। फिर भी वह हार न मानती थी।

---

समय : पाँच मिनट

स्कोर : 3

मूल्यांकन सूचक :
- खंड को आत्मकथा की शैली में लिखा है। 2
- उचित भाषा-शैली का प्रयोग किया है। 1

---

## अध्ययन-लक्ष्य

इस बात से अवगत कराना कि किसान कई प्रकार के शोषणों के शिकार हैं।

डायरी-लेखन की शैली से अवगत कराना।

## 5

डायरी लिखें।

निम्नलिखित अंश पढ़ें।

> होरीराम जलपान न करके मालिक के यहाँ जाता है। इसपर धनिया व्याकुल थी। उसने होरी की लाठी, मिरजयी, जूते, पगड़ी और तमाखू का बटुआ लाकर सामने पटक दिए। होरी कंधे पर लाठी रखकर घर से निकला।
>
> धनिया की उस दिन की डायरी लिखें।

---

| | | | |
|---|---|---|---|
| समय | : | दस मिनट | |
| स्कोर | : | 4 | |
| मूल्यांकन सूचक | : | • कथांश के आधार पर डायरी लिखी है। | 2 |
| | | • डायरी की रूपरेखा है। | 1 |
| | | • डायरी की शैली अपनाई है। | 1 |

---

## अध्ययन-लक्ष्य

उपन्यास की भाषा, शैली आदि से अवगत कराना।

## 6

पुनर्लेखन करें।

समानार्थी मुहावरे का प्रयोग करके प्रत्येक वाक्य का पुनर्लेखन करें।

(कूल्हे टिकाने की जगह, रस-पानी करना, आँखें तरेरना, खुशामद करना)

6.1 बच्चा <u>जल-पान करके</u> स्कूल चला।

6.2 बच्चा झूठ बोला तो पिता उसे <u>क्रोध से देखने</u> लगे।

6.3 उस बस में बैठने की जगह नहीं थी।

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| समय | : | पाँच मिनट | | |
| स्कोर | : | 3 | | |
| मूल्यांकन सूचक | : | • जलपान करना | - रस-पानी करना | 1 |
| | | • क्रोध से देखना | - आँखें तरेरना | 1 |
| | | • बैठने की जगह | - कूल्हे टिकाने की जगह | 1 |

## अध्ययन-लक्ष्य

उपन्यास की भाषा, शैली आदि से अवगत कराना।

## 7

पुनर्लेखन करें।

समानार्थी मुहावरे का प्रयोग करके प्रत्येक वाक्य का पुनर्लेखन करें।

(पेट-तन काटकर, टाँग अड़ाना, पाँव सहलाना, साठे पर पाठा होना)

7.1 गरीबों को अमीरों का पाद-पूजन करना पड़ता था।

7.2 रोज़ कसरत करनेवाले बुढ़ापे में भी युवक रहता है।

7.3 कंजूस लोग भोजन कम करके धन कमाते हैं।

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| समय | : | पाँच मिनट | | |
| स्कोर | : | 3 | | |
| मूल्यांकन सूचक | : | • पाद-पूजन करना | - पाँव सहलाना | 1 |
| | | • बुढ़ापे में भी युवक रहना | - साठे पर पाठा होना | 1 |
| | | • भोजन कम करके | - पेट-तन काटके | 1 |

## अध्ययन-लक्ष्य

उपन्यास की कथावस्तु, भाषा, शैली आदि से अवगत कराना।

## 8

क्रमबद्ध करें।

निम्नलिखित घटनाओं को क्रमबद्ध करके लिखें।

- होरी ने फटी हुई मिरजई खाट पर रखी।
- धनिया ने लाठी, मिरजई आदि लेकर होरी के सामने पटक दिए।
- होरी ने धनिया की ओर आँखें तरेरकर देखा।
- होरी कंधे पर लाठी रखकर घर से निकला।

---

| | | | |
|---|---|---|---|
| समय | : | पाँच मिनट | |
| स्कोर | : | 2 | |
| मूल्यांकन सूचक | : | • घटनाओं को क्रमानुसार लिखा है। | 2 |

---

### अध्ययन-लक्ष्य

लंबी कहानी की विशेषताओं से परिचित कराना और
व्याख्या करने की क्षमता प्राप्त कराना।

## 9

वार्तालाप तैयार करें।

निम्नलिखित अंश पढ़ें।

> बीज की तलाश में किसान अपने भाई के घर पहुँचा। लेकिन भाई के पास बीज नहीं थे। बदले में भाई ने उसे एक मेमना दिया।
>
> इस प्रसंग में किसान और उसके भाई के बीच हुए वार्तालाप लिखें।

---

| | | | |
|---|---|---|---|
| समय | : | दस मिनट | |
| स्कोर | : | 4 | |
| मूल्यांकन सूचक | : | • कथांश के आधार पर वार्तालाप लिखा है। | 2 |
| | | • वार्तालाप प्रासंगिक हैं। | 1 |
| | | • वार्तालाप की भाषा-शैली अपनाई है। | 1 |

---

## अध्ययन-लक्ष्य

लंबी कहानी की विशेषताओं से परिचित कराना और
व्याख्या करने की क्षमता प्राप्त कराना।

# 10

क्रमबद्ध करें।

निम्नलिखित घटनाओं को क्रमबद्ध करके लिखें।

- किसान पसोपेश में चारों तरफ़ देखने लगा।
- किसान गाड़ी पर चढ़ गया।
- उसका साथी अब तक आता दिखाई नहीं दे रहा था।
- रेलगाड़ी ने लंबी तेज़ सीटी बजाई।

---

| | | | |
|---|---|---|---|
| समय | : | पाँच मिनट | |
| स्कोर | : | 2 | |
| मूल्यांकन सूचक | : | • घटनाओं को क्रमानुसार लिखा है। | 2 |

---

## अध्ययन-लक्ष्य

लंबी कहानी की विशेषताओं से परिचित कराना और
व्याख्या करने की क्षमता प्राप्त कराना।

# 11

क्रमबद्ध करें।

निम्नलिखित विचारों को क्रमबद्ध करके लिखें।

- उसने सुनकर भी अनसुना कर दिया।
- मोटे लड़के ने पूछा, 'ऐ! कहाँ तक जाना है?'
- लड़कों में से एक बोला – 'इतने करीब जाना था, तो डिब्बे में क्यों घुस आया?'
- किसान ने शांत स्वर में कहा, 'मुसरा तक, बस इके स्टेशन बाद।'

समय : पाँच मिनट

स्कोर : 2

मूल्यांकन सूचक : • विचारों को क्रमानुसार लिखा है। 2

## अध्ययन-लक्ष्य

लंबी कहानी की विशेषताओं से परिचित कराना और व्याख्या करने की क्षमता प्राप्त कराना।

## 12

क्रमबद्ध करें।

निम्नलिखित घटनाओं को क्रमबद्ध करके लिखें।

- किसान मेमने को ढूँढ़ने लगा।
- पूरे डिब्बे में स्तब्धता छा गई।
- किसान लड़कों पर टूट पड़ा।
- एक स्त्री ने सरककर किसान को सीट दी।

समय : पाँच मिनट

स्कोर : 2

मूल्यांकन सूचक : • घटनाओं को क्रमानुसार लिखा है। 2

## अध्ययन-लक्ष्य

इस बात से अवगत कराना कि किसान
कई प्रकार के शोषणों के शिकार हैं।

## 13

वार्तालाप लिखें।

निम्नलिखित अंश पढ़ें।

किसान बीज की खोज में भाई के पास गया। लेकिन बीज नहीं मिला। गाँव का मुखिया दुगुने में, रामधन ठाकुर ड्योढ़े में और गाँव का छोटा किसान सवैये पर बीज दे सकते हैं। मान

लें, किसान बीज माँगने के लिए सबसे पहले गाँव के छोटे किसान के पास पहुँचा। लेकिन बीज नहीं मिला।

इस प्रसंग में किसान और गाँव के छोटे किसान के बीच के संभावित वार्तालाप लिखें।

| | | | |
|---|---|---|---|
| समय | : | दस मिनट | |
| स्कोर | : | 4 | |
| मूल्यांकन सूचक | : | • कथांश के आधार पर वार्तालाप लिखे हैं। | 2 |
| | | • वार्तालाप प्रासंगिक हैं। | 1 |
| | | • वार्तालाप की भाषा-शैली अपनाई है। | 1 |

## अध्ययन-लक्ष्य

लंबी कहानी की विशेषताओं से परिचित कराना और
व्याख्या करने की क्षमता प्राप्त कराना।

## 14

विश्लेषण करें।

निम्नलिखित प्रस्ताव पढ़ें।

'उसने सुनकर भी अनसुना कर दिया और क्षमा कर देने के अंदाज़ में सोचा, लड़के ही तो हैं।'

– किसान के स्थान पर यदि आप होते तो उन युवकों के प्रति आप की क्या प्रतिक्रिया होती?

| | | | |
|---|---|---|---|
| समय | : | पाँच मिनट | |
| स्कोर | : | 2 | |
| मूल्यांकन सूचक | : | • अपना मत लिखा है। | 1 |
| | | • अपने मत का समर्थन किया है। | 1 |

## अध्ययन-लक्ष्य

लंबी कहानी की विशेषताओं से परिचित कराना और
व्याख्या करने की क्षमता प्राप्त कराना।

# 15

टिप्पणी लिखें।

निम्नलिखित प्रस्ताव पढ़ें।

> 'किसान लड़कों पर टूट पड़ा। डिब्बे में छाया हुआ आतंक बिना किसी संवाद के समाप्त हो गया।'

किसान के इस कार्य ने यात्रियों पर कैसा प्रभाव डाला?

---

| | | | |
|---|---|---|---|
| समय | : | पाँच मिनट | |
| स्कोर | : | 3 | |
| मूल्यांकन सूचक | : | • अपना मत लिखा है। | 2 |
| | | • अपने मत का समर्थन किया है। | 1 |

---

## अध्ययन-लक्ष्य

इस तथ्य से परिचय कराना कि किसान-वर्ग को नई पीढ़ी से उचित आदर नहीं मिलता।
डायरी-लेखन की शैली से अवगत कराना।

# 16

डायरी लिखें।

रेल-यात्रा के बाद किसान अपने घर पहुँचा। उस दिन की अपनी डायरी में किसान ने क्या-क्या लिखा होगा? कल्पना करके लिखें।

सहायक बिंदु : बीज न मिलना
नौजवानों का व्यवहार ....

| | | | |
|---|---|---|---|
| समय | : | दस मिनट | |
| स्कोर | : | 4 | |
| मूल्यांकन सूचक | : | • कथांश के आधार पर डायरी लिखी है। | 2 |
| | | • डायरी की रूपरेखा है। | 1 |
| | | • डायरी की शैली अपनाई है। | 1 |

## अध्ययन-लक्ष्य

इस बात से अवगत कराना कि किसान कई प्रकार के शोषणों के शिकार हैं।

विश्लेषणात्मक निबंध की विशेषताएँ पहचानकर विश्लेषणात्मक निबंध तैयार करने की क्षमता बढ़ाना।

## 17

लेख लिखें।

बिंदुओं को विकसित करके 'धान की खेती : समस्याएँ और समाधान' विषय पर लेख लिखें।

- किसान हमारे अन्नदाता
- आर्थिक कठिनाई
- खेती में कमी
- सरकार की ओर से सहायता
- नए तकनीकों का प्रयोग
- खेती के प्रति छात्रों की रुचि बढ़ाना ...

| | | | |
|---|---|---|---|
| समय | : | दस मिनट | |
| स्कोर | : | 4 | |
| मूल्यांकन सूचक | : | • बिंदुओं को विकसित करके लेख लिखा है। | 2 |
| | | • विचारों में क्रमबद्धता है। | 1 |
| | | • उचित भाषा-शैली का प्रयोग किया है। | 1 |

## अध्ययन-लक्ष्य

उपन्यास की भाषा, शैली आदि से अवगत कराना।
उपन्यास/कथा के पात्रों की चरित्रगत विशेषताओं की व्याख्या कर
चरित्र-चित्रण करने की क्षमता बढ़ाना।

## 18

विश्लेषण करें।

निम्नलिखित खंड पढ़कर उसके नीचे दिए प्रश्नों के उत्तर लिखें।

फिरोस का परिवार गरीब था। पिता मर गए थे। घर में माँ और छोटी बहन थीं। फिरोस घर-घर दियासलाई बेचकर जीवन बिताता था। एक दिन दियासलाई बेचने वह एक ठाकुर के बंगले में आया। ठाकुर की पत्नी ने दियासलाई खरीदी। परंतु उसके पास छुट्टे नहीं थे। फिरोस ने गली की दुकान से छुट्टा करके आने का वादा किया। ठाकुर की पत्नी ने उसपर विश्वास किया। फिरोस रुपया लेकर चला। दिन बीत गया, पर फिरोस न आया। ठाकुर की पत्नी सोचा – फिरोस ने धोखा दिया है।

अगले दिन दोपहर को एक छोटी लड़की ठाकुर के बंगले में आई। वह फिरोस की बहन थी। बाकी पैसे लौटा देने को वह आई थी। उसके मुँह से ठाकुर की पत्नी ने सुना कि छुट्टा लेने जाते समय किसी गाड़ी से टकराकर फिरोस को चोट लगी। वह अस्पताल में है। 'कितना अच्छा लड़का है, ईमानदार और सत्यनिष्ठ!' ठाकुर की पत्नी ने सोचा।

(दियासलाई-*match box,* തീപ്പെട്ടി ; छुट्टा-*change,* ചില്ലറ ; धोखा देना-*to cheat,* പറ്റിക്കുക )

18.1 फिरोस अपने परिवार का खर्च कैसे चलाता था?

---

समय : दो मिनट

स्कोर : 1

मूल्यांकन सूचक : • सही उत्तर लिखा है। 1

---

18.2 फिरोस के चरित्र की विशेषताएँ लिखें।

| | | | |
|---|---|---|---|
| समय | : | सात मिनट | |
| स्कोर | : | 3 | |
| मूल्यांकन सूचक | : | • फिरोस का चरित्र-चित्रण किया है। | 2 |
| | | • कारणों का उल्लेख किया है। | 1 |

18.3 ठाकुर की पत्नी और फिरोस की बहन के बीच के संभावित वार्तालाप लिखें।

| | | | |
|---|---|---|---|
| समय | : | दस मिनट | |
| स्कोर | : | 4 | |
| मूल्यांकन सूचक | : | • कथांश के आधार पर वार्तालाप लिखे हैं। | 2 |
| | | • वार्तालाप प्रासंगिक हैं। | 1 |
| | | • वार्तालाप की भाषा-शैली अपनाई है। | 1 |

18.4 मातृभाषा में अनुवाद करें।

एक दिन दियासलाई बेचने फिरोस एक ठाकुर के बंगले में आया। ठाकुर की पत्नी ने दियासलाई खरीदी। परंतु उसके पास छुट्टे नहीं थे।

| | | | |
|---|---|---|---|
| समय | : | पाँच मिनट | |
| स्कोर | : | 3 | |
| मूल्यांकन सूचक | : | • खंड का मातृभाषा में अनुवाद किया है। | 2 |
| | | • मातृभाषा की शैली अपनाई है। | 1 |

## अध्ययन-लक्ष्य

विश्लेषणात्मक निबंध की विशेषताएँ पहचानकर विश्लेषणात्मक निबंध तैयार करने की क्षमता बढ़ाना।

## 19

टिप्पणी लिखें।

निम्नलिखित प्रस्ताव पढ़ें।

'समाज में किसानों को उचित आदर नहीं मिलता।'

– पठित पाठों की सहायता से इसपर टिप्पणी लिखें।

---

| | | | |
|---|---|---|---|
| समय | : | दस मिनट | |
| स्कोर | : | 4 | |
| मूल्यांकन सूचक | : | • विषयानुकूल टिप्पणी लिखी है। | 2 |
| | | • प्रसंगों का उल्लेख किया है। | 1 |
| | | • अपने मत का समर्थन किया है। | 1 |

---

### अध्ययन-लक्ष्य

जीवनी तैयार करने की क्षमता बढ़ाना।

## 20

जीवनी का अंश लिखें।

बाब आमटे की आत्मकथा का निम्नांकित अंश पढ़ें और उसे जीवनी की शैली में लिखें।

मेरा जन्म 26 दिसंबर 1914 को महाराष्ट्र के एक ब्राह्मण परिवार में हुआ। मेरा पूरा नाम मुरलीधर देवीदास आमटे है। पर मेरी माँ मुझे 'बाबा' पुकारती थीं। मेरे पिता देवीदास हरबाजी आमटे एक बड़े ज़मींदार होने के साथ-साथ सरकारी अधिकारी भी थे। मेरी माँ पढ़ी-लिखी नहीं थीं। माँ ने मुझे चित्रकला सिखाई। प्रकृति और प्राणी-जगत से मेरा परिचय कराया।

---

| | | | |
|---|---|---|---|
| समय | : | सात मिनट | |
| स्कोर | : | 3 | |
| मूल्यांकन सूचक | : | • खंड के आधार पर जीवनी लिखी है। | 2 |
| | | • जीवनी की भाषा-शैली अपनाई है। | 1 |

---

## अध्ययन-लक्ष्य

जीवनी तैयार करने की क्षमता बढ़ाना।

21

जीवनी का अंश लिखें।

निम्नलिखित जीवनवृत्त पढ़ें और उसके आधार पर प्रेमचंद की जीवनी का अंश तैयार करें।

| | | |
|---|---|---|
| नाम | : | प्रेमचंद |
| असली नाम | : | धनपतराय |
| जन्म-तिथि | : | 1880 जुलाई 31 |
| जन्म स्थान | : | काशी के निकट लमही में |
| माता | : | आनंदीदेवी |
| पिता | : | मुंशी अजायबरॉय |
| शिक्षा | : | बी.ए |
| कार्यक्षेत्र | : | साहित्य-रचना |
| रचनाएँ | : | सेवासदन, गबन, प्रेमाश्रम, निर्मला, गोदान .... |

| | | | |
|---|---|---|---|
| समय | : | दस मिनट | |
| स्कोर | : | 4 | |
| मूल्यांकन सूचक | : | • जीवनवृत्त के आधार पर जीवनी लिखी है। | 2 |
| | | • जीवनी की भाषा-शैली अपनाई है। | 1 |

## अध्ययन-लक्ष्य

इस गंभीर समस्या से छात्रों को वाकिफ़ कराना कि किसान
खेती से अलग होने के लिए मज़बूर हो रहे हैं।
संवेदनात्मक कविता और ललित कविता की भाषा, शैली, प्रयुक्त शब्दावली
आदि से अवगत कराना।

## 22

टिप्पणी लिखें।

वर्तमान परिस्थितियाँ किसानों को खेती से अलग कर रही हैं। उनकी आँखें आजकल प्रकृति की सुंदरता नहीं देख सकतीं। उसके कानों में मालिक की कर्कश डाँट ही गूँजती है। किसान में ऐसा परिवर्तन क्यों आया? 'खेती नहीं करनेवाला किसान' कविता के आधार पर इसपर टिप्पणी लिखें।

---

समय : पाँच मिनट

स्कोर : 3

मूल्यांकन सूचक :
- कविता के आधार पर टिप्पणी लिखी है। 2
- अपने मत का समर्थन किया है। 1

---

### अध्ययन-लक्ष्य

संवेदनात्मक कविता और ललित कविता की भाषा, शैली, प्रयुक्त शब्दावली आदि से अवगत कराना।

## 23

टिप्पणी लिखें।

'खेती नहीं करनेवाला किसान सबसे पहले उखाड़ता है दरवाज़े पर गड़ा खूँटा।' – सभी किसान खेती को इसप्रकार छोड़ दें तो उसका क्या परिणाम होगा? इसपर टिप्पणी लिखें।

---

समय : सात मिनट

स्कोर : 3

मूल्यांकन सूचक :
- कविता के आधार पर टिप्पणी लिखी है। 2
- अपने मत का समर्थन किया है। 1

---

## अध्ययन-लक्ष्य

इस गंभीर समस्या से छात्रों को वाकिफ़ कराना कि किसान
खेती से अलग होने के लिए मज़बूर हो रहे हैं।
संवेदनात्मक कविता और ललित कविता की भाषा, शैली,
प्रयुक्त शब्दावली आदि से अवगत कराना।

# 24

टिप्पणी लिखें।

आज के किसान खेती छोड़कर मज़दूर बन रहे हैं। इसके क्या-क्या कारण हो सकते हैं? इसपर टिप्पणी लिखें।

| | | | |
|---|---|---|---|
| समय | : | पाँच मिनट | |
| स्कोर | : | 3 | |
| मूल्यांकन सूचक | : | • कविता के आधार पर टिप्पणी लिखी है। | 2 |
| | | • अपने मत का समर्थन किया है। | 1 |

## अध्ययन-लक्ष्य

संवेदनात्मक कविता और ललित कविता की भाषा, शैली, प्रयुक्त शब्दावली आदि से अवगत कराना।

# 25

विश्लेषण करें।

'दीन भारत के किसान' कविता के निम्नांकित अंश के आधार पर प्रश्नों के उत्तर लिखें।

भूमि के हैं भक्त ये जो
नित्य देते अन्न-वस्त्र
बैल हैं संपत्ति इनकी
और हल हैं दिव्य अस्त्र
ज्ञान वृद्धि हुई बहुत पर
रह गए भोले अजान।

25.1 किसान का दिव्यास्त्र है

(बैल, हल, ज्ञान)

---

समय : दो मिनट

स्कोर : 1

मूल्यांकन सूचक : • सही उत्तर लिखा है। (हल) 1

---

25.2 प्रस्तुत पंक्तियों में किसान के लिए प्रयुक्त दो विशेषण शब्द लिखें।

---

समय : तीन मिनट

स्कोर : 2

मूल्यांकन सूचक : • दो विशेषण शब्द चुनकर लिखे हैं। (भक्त/भोले/अजान) 2

---

25.3 'ज्ञान के क्षेत्र में प्रगति हुई है। लेकिन किसान अब भी अनजान हैं।' यह आशवाली पंक्तियाँ चुनकर लिखें।

---

समय : तीन मिनट

स्कोर : 2

मूल्यांकन सूचक : • समान आशयवाली पंक्तियाँ चुनकर लिखी हैं। 2

(ज्ञान वृद्धि हुई बहुत पर, रह गए भोले अजान।)

---

## अध्ययन-लक्ष्य

संवेदनात्मक कविता और ललित कविता की भाषा, शैली,
प्रयुक्त शब्दावली आदि से अवगत कराना।

# 26

विश्लेषण करें।

निम्नांकित कवितांश पढ़ें और उसके नीचे दिए प्रश्नों के उत्तर लिखें।

एक दिन विष्णुजी के पास गए नारदजी,
पूछा, 'मर्त्यलोक में वह कौन है पुण्यश्लोक
भक्त तुम्हारा प्रधान?'
विष्णुजी ने कहा, 'एक सज्जन किसान है,
प्राणों से प्रियतम।'
नारद ने कहा, 'मैं
उसकी परीक्षा लूँगा।' हँसे विष्णु सुनकर यह,
कहा कि, 'ले सकते हो।'
नारदजी चल दिए,
पहुँचे भक्त के यहाँ
देखा - हल जोतकर आया दुपहर को;
दरवाज़े पहुँचकर रामजी का नाम लिया;
स्नान-भोजन करके
फिर चला गया काम पर।
शाम को आया दरवाज़े, फिर नाम लिया;
प्रातःकाल चलते समय
एक बार फिर उसने
मधुर नाम स्मरण किया।
'बस केवल तीन बार!'
नारद चकरा गए -
दिवारात जपते हैं नाम ऋषि-मुनि लोग
किंतु भगवान को किसान ही यह याद आया।

26.1 'मानव की दुनिया' इस अर्थ में प्रयुक्त शब्द कौन-सा है?

---

| | | | |
|---|---|---|---|
| समय | : | दो मिनट | |
| स्कोर | : | 1 | |
| मूल्यांकन सूचक | : | • समानार्थी शब्द चुनकर लिखा है।<br>(मर्त्यलोक) | 1 |

---

26.2 नारदजी के आश्चर्य का क्या कारण था?

---

समय : दो मिनट
स्कोर : 1
मूल्यांकन सूचक : • कवितांश के आधार पर सही उत्तर लिखा है। 1

---

26.3 कवितांश के आधार पर नारदजी और विष्णुजी के बीच के वार्तालाप लिखें।

---

समय : दस मिनट
स्कोर : 4
मूल्यांकन सूचक : • कवितांश के आधार पर वार्तालाप लिखे हैं। 2
• वार्तालाप प्रासंगिक हैं। 1
• वार्तालाप की भाषा-शैली अपनाई है। 1

---

## अध्ययन-लक्ष्य

क्रिया, संज्ञा, विशेषण, सर्वनाम, 'हो' आधारभूत क्रिया, वाक्य के प्रकार, संज्ञा के प्रकार आदि से संबंधित मौलिक अवधारणा प्राप्त करना।

## 27

विश्लेषण करें।

बलराम की आत्मकथा का निम्नलिखित अंश पढ़ें और उसके नीचे दिए प्रश्नों के उत्तर लिखें।

मैं एक किसान हूँ। मेरा अपना खेत है। मैं अपने खेत को ज़्यादा उपजाऊ बनाना चाहता हूँ। इसलिए मैं समझदारी से काम लेता हूँ।

27.1 'मेरा' शब्द में सर्वनाम है

(हम, वह, मैं)

---

समय : दो मिनट
स्कोर : 1
मूल्यांकन सूचक : • सही उत्तर चुनकर लिखा है। (मैं) 1

---

27.2 'समझदारी' शब्द संज्ञा के किस विभाग में आता है?

(व्यक्तिवाचक, जातिवाचक, भाववाचक)

| | | | |
|---|---|---|---|
| समय | : | दो मिनट | |
| स्कोर | : | 1 | |
| मूल्यांकन सूचक | : | • सही उत्तर चुनकर लिखा है। (भाववाचक) | 1 |

27.3 उपर्युक्त अंश को बलराम की जीवनी की शैली में लिखें।

| | | | |
|---|---|---|---|
| समय | : | पाँच मिनट | |
| स्कोर | : | 3 | |
| मूल्यांकन सूचक | : | • आत्मकथांश के आधार पर जीवनी लिखी है। | 2 |
| | | • जीवनी की भाषा-शैली अपनाई है। | 1 |

# 28

वाक्य बनाएँ।

निम्नलिखित वाक्यों को मिलाकर एक वाक्य बनाएँ।

- यह अनिला है।
- वह आठवीं में पढ़ रही है।
- वह शंकर की बहन है।

| | | | |
|---|---|---|---|
| समय | : | तीन मिनट | |
| स्कोर | : | 2 | |
| मूल्यांकन सूचक | : | • वाक्यों को मिलाकर एक वाक्य लिखा है। (शंकर की बहन अनिला आठवीं में पढ़ रही है।) | 2 |

# 29

वाक्य मिलाएँ।

निम्नलिखित वाक्य पढ़ें।

- पिताजी ने कहा।
- पानी बरस रहा है।
- छतरी ले लो।

'कि' और 'इसलिए' का प्रोयग करके वाक्यों को मिलाकर लिखें।

---

समय : पाँच मिनट

स्कोर : 2

मूल्यांकन सूचक : • वाक्यों को मिलाकर लिखा है। 2

(पिताजी ने कहा कि पानी बरस रहा है, इसलिए छतरी ले लो।)

---

## 30

वाक्य-जोड़े बनाएँ।

निम्नलिखित अंश पढ़ें।

पानी बरसा। नदी में पानी भरा। किसान खुश हुए। वे खेत जाने लगे।

- 'जब-तब' और 'होकर' का प्रयोग करके वाक्य-जोड़ा बनाएँ।

---

समय : तीन मिनट

स्कोर : 2

मूल्यांकन सूचक : • योजक का प्रयोग करके वाक्य-जोड़ा बनाकर लिखा है। 2

(जब पानी बरसा तब नदी में पानी भरा। किसान खुश होकर खेत जाने लगे।)

---

## 31

वाक्य का विस्तार करें।

उचित विशेषण शब्द का प्रयोग करके प्रत्येक वाक्य का विस्तार करें।

- यह एक दुकान है। इस दुकान में कपड़े हैं।

समय : तीन मिनट

स्कोर : 2

मूल्यांकन सूचक :

- उचित विशेषण शब्द का प्रयोग करके वाक्य लिखे हैं। 2
  (उदा. यह एक बड़ी दुकान है। इस दुकान में रंग-बिरंगे कपड़े हैं।)

## 32

पुनर्लेखन करें।

यथास्थान उचित विशेषण शब्द का प्रयोग करके खंड का पुनर्लेखन करें।

संगीत एक / लड़का है। उसके घर में एक / बगीचा है। वहाँ / तितलियाँ आती हैं। उनके पंख / होते हैं।

समय : तीन मिनट

स्कोर : 2

मूल्यांकन सूचक :

- उचित विशेषण शब्द का प्रयोग करके वाक्य लिखे हैं। 2
  (उदा. संगीत एक छोटा लड़का है। उसके घर में एक सुंदर बगीचा है। वहाँ अनेक तितलियाँ आती हैं। उनके पंख रंग-बिरंगे हैं।)

## 33

संशोधन करें।

निम्नलिखित अंश का संशोधन करके लिखें।

हमारा गाँव में एक लंबा नदी है। उसके किनारे लहलहाते खेत है। किसान सबेरे हल लेकर खेत जाती हैं।

समय : तीन मिनट

स्कोर : 2

मूल्यांकन सूचक :

- वाक्यों का संशोधन करके लिखा है। 2
  (हमारे गाँव में एक लंबी नदी है। उसके किनारे लहलहाते खेत हैं। किसान सबेरे हल लेकर खेत जाते हैं।)

## 34

पुनर्लेखन करें।

उचित उपसर्ग का प्रयोग करके रेखांकित शब्दों का विपरीतार्थक शब्द बनाएँ और वाक्य का पुनर्लेखन करें।

वह आदमी वक्त पर आया और शांत रहा।

| | | |
|---|---|---|
| समय | : | तीन मिनट |
| स्कोर | : | 2 |
| मूल्यांकन सूचक | : | • उचित उपसर्ग का प्रयोग करके शब्दों का विपरीतार्थक रूप बनाए हैं। 2<br>(वक्त-बेवक्त; शांत-अशांत) |

## 35

पुनर्लेखन करें।

रेखांकित शब्दों के विपरीतार्थक शब्दों का प्रयोग करके वाक्य का पुनर्लेखन करें।

आप की उपस्थिति अनावश्यक है।

| | | |
|---|---|---|
| समय | : | तीन मिनट |
| स्कोर | : | 2 |
| मूल्यांकन सूचक | : | • विपरीतार्थक शब्दों का प्रयोग करके वाक्य का पुनर्लेखन किया है। 2<br>(आप की अनुपस्थिति आवश्यक है।) |

## 36

विश्लेषण करें।

निम्नलिखित रपट पढ़ें और उसके नीचे दिए प्रश्नों के उत्तर लिखें।

## कर्षकरत्न चुना गया

तिरुवनंतपुरम, 08 अगस्त। इस वर्ष के कर्षकरत्न पुरस्कार के लिए के.जे रॉय चुना गया। धान की खेती में महत्वपूर्ण योगदान के लिए यह पुरस्कार दिया जा रहा है। विपरीत परिस्थितियों का सामना करते हुए दो एकड़ ज़मीन पर इन्होंने धान की खेती की और अच्छी फ़सल निकाली। ये पालक्काड के चिट्टूर निवासी हैं। अगले महीने पंद्रह तारीख को कोट्टयम में पुरस्कार वितरित किया जाएगा।

36.1 मान लें, आप के.जे रॉय का साक्षात्कार लेना चाहते हैं। इस के लिए प्रश्नावली तैयार करें।

---

समय : दस मिनट

स्कोर : 4

मूल्यांकन सूचक :
- साक्षात्कार के लिए प्रश्नावली तैयार की है। 3
- प्रश्न सूक्ष्म और प्रासंगिक हैं। 1

---

36.2 कर्षकरत्न पुरस्कार वितरण की सूचना देते हुए पोस्टर तैयार करें।

---

समय : सात मिनट

स्कोर : 3

मूल्यांकन सूचक :
- विषयानुकूल पोस्टर तैयार किया है। 2
- पोस्टर आकर्षक है। 1

---

36.3 ‘इन्होंने’ शब्द में सर्वनाम है
(ये, वह, वे)

---

| | | |
|---|---|---|
| समय | : | तीन मिनट |
| स्कोर | : | 1 |
| मूल्यांकन सूचक | : | • सही उत्तर चुनकर लिखा है। (ये) 1 |

---

36.4 मातृभाषा में अनुवाद करें।

धान की खेती में महत्वपूर्ण योगदान के लिए यह पुरस्कार दिया जा रहा है। विपरीत परिस्थितियों का सामना करते हुए दो एकड़ ज़मीन पर इन्होंने धान की खेती की और अच्छी फ़सल निकाली।

---

| | | |
|---|---|---|
| समय | : | पाँच मिनट |
| स्कोर | : | 3 |
| मूल्यांकन सूचक | : | • गद्यांश का मातृभाषा में अनुवाद किया है। 2 |
| | | • मातृभाषा की शैली अपनाई है। 1 |

---

## अध्ययन-लक्ष्य

इस गंभीर समस्या से छात्रों को वाकिफ़ कराना कि किसान खेती से अलग होने केलिए मज़बूर हो रहे हैं।

## 37

टिप्पणी लिखें।

निम्नांकित चित्रों की तुलना करके टिप्पणी लिखें।





| | | |
|---|---|---|
| समय | : | पाँच मिनट |
| स्कोर | : | 2 |
| मूल्यांकन सूचक | : | • चित्रवाचन करके टिप्पणी लिखी है। 1 |
| | | • खेती के प्राचीन और आधुनिक तरीकों का उल्लेख है। 1 |

## अध्ययन-लक्ष्य

युद्ध के विनाशकारी प्रभावों से अवगत कराना।

# 38

पोस्टर तैयार करें।

मान लें, आप के स्कूल में युद्ध के विरोध में एक रैली आयोजित है। इसकी सूचना देने के लिए पोस्टर तैयार करें।

| | | |
|---|---|---|
| समय | : | दस मिनट |
| स्कोर | : | 3 |
| मूल्यांकन सूचक | : | • विषयानुकूल पोस्टर तैयार किया है। 2 |
| | | • पोस्टर आकर्षक है। 1 |

## अध्ययन-लक्ष्य

युद्ध के विनाशकारी प्रभावों से अवगत कराना।

डायरी लेखन की शैली से अवगत कराना।

# 39

डायरी लिखें।

आप के स्कूल में हिरोशिमा दिनाचरण के सिलसिले में चित्रप्रदर्शनी और शांतियात्रा आयोजत किए गए। उस दिन की अपनी डायरी लिखें।

| | | | |
|---|---|---|---|
| समय | : | दस मिनट | |
| स्कोर | : | 4 | |
| मूल्यांकन सूचक | : | • दिनाचरण के आधार पर डायरी लिखी है। | 2 |
| | | • डायरी की रूपरेखा है। | 1 |
| | | • डायरी की भाषा-शैली अपनाई है। | 1 |

## अध्ययन-लक्ष्य

युद्ध के विनाशकारी प्रभावों से अवगत कराना।

विश्लेषणात्मक निबंध तैयार करने की क्षमता बढ़ाना।

# 40

लेख लिखें।

निम्नलिखित बिंदुओं को विकसित करके 'युद्ध विनाशकारी है' विषय पर लेख लिखें।

- युद्ध से सर्वनाश
- हिरोशिमा का अणुबम विस्फोट
- युद्ध की यातनाएँ
- शांति की कामना

| | | | |
|---|---|---|---|
| समय | : | दस मिनट | |
| स्कोर | : | 4 | |
| मूल्यांकन सूचक | : | • बिंदुओं को विकसित करके लेख लिखा है। | 2 |
| | | • विचारों में क्रमबद्धता है। | 1 |
| | | • उचित भाषा-शैली का प्रयोग किया है। | 1 |

## अध्ययन-लक्ष्य

भाव, आलंकारिक भाषा-शैली, बिंब-विधान आदि से युक्त
कविता का परिचय पाना।

41

विश्लेषण करें।

निम्नांकित कवितांश पढ़कर उसके नीचे दिए प्रश्नों के उत्तर लिखें।

नगर के चौक
धूप बरसी
पर अंतरिक्ष से नहीं
फटी मिट्टी से।

– 'फटी मिट्टी से धूप बरसना' इसका क्या तात्पर्य है?

---

समय : तीन मिनट

स्कोर : 1

मूल्यांकन सूचक : • कवितांश का विश्लेषण करके उत्तर लिखा है। 1

---

## अध्ययन-लक्ष्य

भाव, आलंकारिक भाषा-शैली, बिंब-विधान आदि से युक्त कविता का परिचय पाना।

42

विश्लेषण करें।

निम्नांकित कवितांश पढ़कर उसके नीचे दिए प्रश्नों के उत्तर लिखें।

मानव का रचा हुआ सूरज
मानव को भाप बनाकर सोख गया।

– यहाँ 'मानव का रचा हुआ सूरज' से आपने क्या समझा? इस सूरज का मानव पर कैसा असर पड़ा?

---

समय : पाँच मिनट

स्कोर : 2

मूल्यांकन सूचक : • कवितांश का विश्लेषण करके अपना मत लिखा है। 2

---

## अध्ययन-लक्ष्य

भाव, आलंकारिक भाषा-शैली, बिंब-विधान आदि से युक्त
कविता का परिचय पाना।

43

विश्लेषण करें।

निम्नांकित कवितांश पढ़कर उसके नीचे दिए प्रश्नों के उत्तर लिखें।

एक दिन सहसा
सूरज निकला
अरे क्षितिज पर नहीं

– यहाँ सूरज किसका प्रतीक है?

(धूप का, हिरोशिमा का, बम विस्फोट का)

---

समय : तीन मिनट

स्कोर : 1

मूल्यांकन सूचक : • सही उत्तर चुनकर लिखा है। (बम विस्फोट का) 1

---